

## एक नजर में

### दोषी व्यक्तियों पर कार्रवाई की मांग की

**भीकनगांव , निप्र।** हरदा में विगत 13 जुलाई को छात्रावास मे बच्ची एवम करणी सेना के कार्यकर्ताओं पर पुलिस प्रशासन के द्वारा हुए बर्बर लाठी चार्ज एवम दुर्व्यवहार के दोषी व्यक्तियों पर कार्यवाही की मांग भीकनगांव विधायक झूमा सोलंकी ने की है साथ ही इस घटना की नयायिक जांच कर सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर भीकनगांव विधायक श्रीमती झूमा सोलंकी ने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव को पत्र भी लिखा है।

### श्रद्धांजलि शोकसभा में शामिल हुए पार्टी प्रमुख मान्य, इंजी रमाकांत पिप्पल




**खरगोन।** बहुजन समाज पार्टी भोपाल जोन प्रभारी स्व.संजय सोलंकी का 23 जुलाई 2025 को रात्रि 12 बजे के लगभग दिल का दौरा पड़ने से अचानक निधन हो गया था। दिनांक 26 जुलाई 2025 शनिवार को समय 1 बजे संजय सोलंकी जी के निज निवास खरगोन रोड़ सनावद की साईं बिहार कालोनी में श्रद्धांजली कार्यक्रम मे बहुजन समाज पार्टी प्रमुख रमाकांत जी पिप्पल प्रदेश अध्यक्ष सहित प्रदेश के पदाधिकारीगण शामिल हुए। साथ ही भोपाल जोन एवं इंदौर जोन के समस्त पदाधिकरीगण सहित बुरहानपुर.खंडवा.बड़वानी,हरदा के पार्टी कार्यकर्ता साथीगण श्रद्धांजलि कार्यक्रम मे शामिल हुए जहां बहुजन समाज पार्टी एवं बहुजन समाज के लोगों द्वारा आर्थिक सहयोग के रूप में राशि भी भेंट कि।

### व्यंकट विद्या विहार हाई स्कूल गोपालपुरा में ग्रीन डे मनाया



**कसरावद।** शनिवार को व्यंकट विद्या विहार हाई स्कूल गोपालपुरा में ग्रीन डे मनाया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कसरावद – बी.आर.सी श्री राजारामजी कांदौड़े. कसरावद – जन शिक्षक अमित जैन जी.बोरावा संकुल प्राचार्य – मुकेश जी खेड़े वह विशेष अतिथि – के रूप में गोपालपुरा सरपंच महोदय देवरामजी यादव. सचिव – कालूराम यादव. मुन्नालाल यादव. अनुराग मौर्य संस्था – डायरेक्टर रविंद्र जी शर्मा व संस्था – प्राचार्य माया शर्मा वह समस्त स्टाफ उपस्थित थाद्य कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती व भारत माता का पूजन किया गया। कसरावद बी.आर. सी श्री राजारामजी कांदौड़े.छात्र–छात्राओं को संदेश दिया एक पेड़ मां के नाम से पेड़ लगाया जाएद्य जिससे हमेशा अपनी मां की याद बनी रहेगीद्य वह प्रकृति सुरक्षित रहेगी वातावरण शुद्ध बना रहेगाद्य साथ ही अमित जैन सर द्वारा अपने उद्बोधन में पेड़ अधिक से अधिक लगाने से वन्य प्राणी वह जीव जंतु सुरक्षित रहेंगेद्य साथ ही बोरावा संकुल प्राचार्य मुकेश खेड़े सर द्वारा छात्र–छात्राओं व समस्त स्टाफ से पेड़ लगाने का आग्रह किया साथ ही गोपालपुरा पंचायत में समस्त अतिथियों द्वारा वह छात्र–छात्राओं व समस्त स्टाफ द्वारा पेड़ लगाए गएद्य वह एक पेड़ मां के नाम संदेश दिया गया साथ ही अतिथियों का आभार संस्था डायरेक्टर श्री रविंद्र जी शर्मा द्वारा माना गया।

### पौधरोपण किया

**अंदड,,** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अंदड परिसर में पौधारोपण किया गया, स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ प्रशांत मांडी या ने बताया कि अशोक, वड, निम, पेपल, बा दाम, के साथ फूल देने वाले पौधे लगाये, कुष्ठ रोग के आर,एस, भदोरिया, ए, ए न, ?म, नफीसा खान, आलम खान, एवं बाबू सेन उपस्थित थे,

### हरियाली अमावस्या आस्था ग्राम ट्रस्ट के बच्चों के साथ मनाया

**खरगोन।** वैश्य समाज महिला इकाई खरगोन जिले में छोटे बच्चों के साथ खुशियां मनाई ओर हरियाली अमावस्या आस्था ग्राम ट्रस्ट के बच्चो के साथ मनाई, हरियाली अमावस्या पर सभी सदस्य मिलकर आस्था ग्राम ट्रस्ट स्कूल में गए और बच्चो के साथ मनाया इस अवसर पर वैश्य समाज महिला इकाई खरगोन जिले की



जिला अध्यक्ष डॉ कीर्ति जैन ने बच्चो को हरियाली अमावस्या का महत्व बताया । इस अवसर पर तहसील अध्यक्ष सुषमा गौर ने सभी बच्चो को फल वितरित किए और खूब पढ़े का आशीर्वाद दिया ।

### छबि बाई टाके का निधन

**बिस्टान.** नगर के तहसील पत्रकार संघ के अध्यक्ष इलेक्ट्रिक



व्यवसाई सुभाष टाके, अशोक टाके, जितेंद्र टाके, श्रीकांत टाके की माताजी एवं अश्विन टाके , अर्पित टाके , अथर्व , अनुराग , अंशुल की दादी छबि बाई टाके का देवलोक गमन गुरुवार को उनके गृह ग्राम उमरखलों में हो गया, जिनका अंतिम संस्कार नर्मदा नट स्थित माकडखेड़ा में किया गया, अंतिम यात्रा में समाज जन और ग्रामवासी शामिल हुए।

### स्कूल व छात्रावासों का आकस्मिक निरीक्षण किया

**खरगोन.** शनिवार को जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आकाश सिंह, संयुक्त कलेक्टर हेमलता सोलंकी, कसरावद एसडीएम सत्येंद्र बेरवा, भीकनगांव एसडीएम आकांक्षा करोठिया, डिप्टी कलेक्टर सुश्री पूर्वा मंडलोई और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एमएस सिसोदिया ने जिले के विभिन्न स्कूलों एवं छात्रावासों का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने स्कूलों व छात्रावासों में स्वच्छता, सुरक्षा, शैक्षिक व्यवस्थाओं के साथ ही भोजन व्यवस्था, साफ.–सफाई, शौचालय, आरओ वॉटर, सीसीटीवी कैमरे, टीवी, छात्र.छात्राओं की सुरक्षा, जल, विद्युत व्यवस्था एवं खाद्य सामग्री का भी का परीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने पाया कि कुछ स्कूलों में एवं छात्रावासो की व्यवस्था बेहतर है, कुछ स्कूलों व छात्रावासों में कमी पाये जाने पर संबंधितो को सुधार करने के निर्देश दिए.

# महेश्वर से ओंकारेश्वर तक कांवड़ यात्रा रवाना, विधायक ने नर्मदा का किया दुग्धाभिषेक



नवभारत न्यूज

**महेश्वर, निप्र। श्रावण मास के पावन अवसर पर आज महेश्वर में एक अद्भुत आध्यात्मिक दृश्य देखने को मिला, जब महेश्वर विधायक श्री राजकुमार मेव ने पवित्र नर्मदा नदी का दुग्धाभिषेक कर कांवड़ यात्रा का शुभारंभ किया। हजारों शिवभक्तों की उपस्थिति में गूंजते हर हर महादेव के नारों के बीच यह यात्रा ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग के लिए रवाना हुई, जहाँ यह 28 जुलाई को जलाभिषेक के साथ सम्पन्न होगी।**

### श्रद्धा, सेवा और संयम का संगम

इस धार्मिक आयोजन की शुरुआत महेश्वर घाट पर मंत्रोच्चार व पूजन के साथ हुई। विधायक श्री मेव ने संकल्प लेकर नर्मदा नदी को दुग्ध अर्पित किया और कांवड़ियों को शुभकामनाएं दीं। इस दौरान आसपास के गांवों से आए हजारों श्रद्धालुओं ने भी यात्रा में भाग लिया।

### सेवा भावना में जुटा महेश्वर

यात्रा के दौरान स्थानीय स्वयंसेवकों द्वारा जल वितरण, भजन संध्या, और मार्ग सेवा जैसे कार्य किए गए। महेश्वर किला परिसर और घाटों पर भक्तों की भीड़ ने आयोजन की भव्यता को दर्शाया।

### महेश्वर बना विधायकों की पहली पसंद

श्रावण मास के पहले सोमवार को इंदौर के विधायक श्री गोलू शुक्ला ने भी महेश्वर से कांवड़ यात्रा निकालकर महाकालेश्वर, उज्जैन में जल चढ़ाया था। यह उनका वार्षिक आयोजन है। वहीं, राजकुमार मेव भी हर वर्ष महेश्वर से कांवड़ यात्रा निकालते हैं।इस तरह महेश्वर दोनों जनप्रतिनिधियों की आस्था का प्रमुख केंद्र बन चुका है।

### शिवभक्ति का प्रतीक बना महेश्वर

महेश्वर की नर्मदा तटस्थता, आध्यात्मिक गरिमा और ऐतिहासिक विरासत ने इसे मध्यप्रदेश की धार्मिक राजधानी बना दिया है। विधायकों द्वारा लगातार की जा रही कांवड़ यात्राएं इस नगरी को शिवभक्तों के लिए प्रेरणा का केंद्र बना रही हैं।

## झमाझम बारिश में भीगते कावड़िए पहुंचे मंडलेश्वर, हुआ स्वागत



नवभारत न्यूज

**मंडलेश्वर, निप्र।** विधायक राजकुमार मेव की कावड़ यात्रा भारी बारिश के चलते लगभग 4 बजे मंडलेश्वर पहुंची।झमाझम बरसता पानी भी श्रद्धा के सैलाब को नहीं रोक पाया विधायक के साथ बच्चे महिलाए बूढ़े और युवाओं का कारवां चल रहा था।किसी ने भी छाता या रेनकोट नहीं पहना भीगते हुए कावड़ कंधे पर लटकाए बोल बम के जयकारे लगाते हुए कावड़िए बढ़ते जा रहे थे।महेश्वर से गांधीनगर पहुंचने पर सबसे पहले गांव से बाहर एक रिसोर्ट पर कावड़ियों का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।कंधे पर कावड़ थामे जब विधायक आचार्य मंडन मिश्र कॉलेज पहुंचे तो यहां एन एस यू आई के कार्यकर्ताओं ने जमकर बोल बम के नारे लगाए रौनक सोनी के साथ कार्यकर्ताओं और एन एस एस के वालेंटियर्स ने विधायक का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया।प्राचार्य डॉ मुकेश साठे जनभागीदारी समिति अध्यक्ष रामदास शर्मा एन एस एस कार्यक्रम अधिकारी डॉ ओ एस परिहार महिला इकाई की कार्यक्रम अधिकारी प्रो चेतना सिद्धड ने विधायक का स्वागत कर कॉलेज में पौधा रोपण करवाया।इसके बाद संदीपनी एकेडमी और उमिया कन्या शिक्षा परिसर में भी विधायक का स्वागत किया गया ग्राम नवलपुरा में सरपंच रतन सिंह रंधावा की टीम ने विधायक का स्वागत किया यहां से नगर सीमा में प्रवेश करने पर नगर परिषद अध्यक्ष विश्वदीप मोयदे सी एम ओ संजय रावल सहित पार्षदों और कर्मचारियों ने कावड़ियों का स्वागत किया।इसके बाद बस स्टैंड होकर यात्रा श्रीनगर होकर छोटी खरगोन के लिए निकल गई।

## कावड़ियों के लिए निस्वार्थ भाव से सेवाएं दे रहे



**अंदड, निप्र।** श्रावण मास में 15 दिनों से लगातारफ्री सेवाएं दे रहे हैं संतोष भाई बलवाड़ी,, विगत 15 दिनों से लगातार अपने खेत में रोड साइड से पैदल चलने वाले कावड़ियों, भक्त जनों की निस्वार्थ भाव से सेवाएं दे रहे हैं, इनके साथ प्रताप भाई, ढाबे वाला भी काम कर रहा है, संतोष भाई ने बताया कि लगातार प्रतिदिन कभी चाय, ककड़ी, के ला, खिचड़ी, सेव मिक्सर बिस्किट का नाश्ता फ्री में करवाया जा रहा है, बाबा जी की भेड़िया से हाय कावड़िया दिनेश भाई राजाराम वासुदेव ने बताया कि संतोष भाई के द्वारा सेवाएं दी जा रही है सहयोग किया जा रहा है यह सराहनीय है, कुकड़ोल जली से शोभाराम ने बताया कि हम हमारी सेवा की बहुत सराहनीय कदम हम उनके आभारी रहेंगे,



## आर्टिफिशियल नही, प्राकृतिक फूलों से सजेगी श्री ऋणमुक्तेश्वर महादेव की पालकी

नवभारत न्यूज

**खरगोन, निप्र।** शहर के जैतापुर में विराजित भगवान ऋणमुक्तेश्वर महादेव श्रावण मास के तीसरे सोमवार से एक दिन पहले प्रजा के हाल जानने शिवडोला के रुप में नगर भ्रमण पर निकलेंगे। बाबा की शाही सवारी को लेकर मंदिर समिति ने व्यापक तैयारियां की है। शिव बारात में झाकियां, नगाड़े, अखाड़े और मलखंब दल आकर्षण का केंद्र होंगे। आयोजन की भव्यता को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने भी यातायात व्यवस्था के लिए डायवर्जन प्लान तैयार किया है।

यात्रा आयोजन समिति अध्यक्ष दीपक पाटीदार, मीडिया प्रभारी हर्ष गुप्ता ने बताया भगवान ऋणमुक्तेश्वर की पालकी इस बार विशेष आकर्षण का केंद्र होगी। बाबा की पालकी आर्टिफिशियल फूलों से नही बल्कि प्राकृतिक फूलों से सजाई जा रही है, जो विशेष आकर्षण का केंद्र होगी। सुबह करीब 11 बजे जैतापुर स्थित ऋणमुक्तेश्वर महादेव मंदिर से डोला निकाला जाएगा। इसमें झाकियां, नगाड़ा दल के साथ ही स्वांग दल डोले की शोभा बढ़ाएंगे।

बाबा की शाही सवारी को लेकर जहां भक्तों में उत्साह का माहौल है तो वही स्वागत. सत्कार के लिए भी सामाजिक संगठन, जनप्रतिनिधि, व्यापारी आतुर है। जैतापुर से डीआरपी लाईन निकलने वाले शिवडोला मार्ग पर 70 सेवा स्टॉल लगाकर श्रद्धालूओं को जलपानए स्वल्पाहार कराया जाएगा।

समिति अध्यक्ष पाटीदार, संरक्षक अशोक दीक्षित, उपाध्यक्ष देवेंद्र जादौन, सचिव अभिषेक कुशवाह, कोषाध्यक्ष गोकुल कुशवाह, बृजेश अत्रे, दीपक जोशी, संजय ठक्कर, संजय खेडेकर, राजु दरबारए पार्षद दिनेश पाटीदार आदि ने बताया डोले में सूरत के नगाड़ेए अखाड़े व मलखंब कलाकार भी प्रस्तुति देंगे। इस बार झांकीयों को 11000,

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति का क्रियान्वयन हम शिक्षकों की जिम्मेदारी है

नवभारत न्यूज

**बिस्टान नि प्र। राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू तो कर दी गई है लेकिन इसका सही क्रियान्वयन करना हम सब शिक्षकों की जिम्मेदारी है। वर्तमान में शिक्षक अपने दायित्वों का बखूबी निर्वहन कर रहा है ।**




निजी स्कूलों से अधिक अच्छा परिणाम देने का काम भी सरकारी स्कूल कर रहे हैं, इसकी प्रशंसा प्रदेश के मुखिया डॉ.मोहन यादव एवं शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह जी भी कई कार्यक्रमों के दौरान कर चुके हैं। शिक्षा के अधिकार नियम के तहत सरकारी स्कूलों में आरटीई तहत 25 प्रतिशत विद्यार्थियों का प्रवेश नियम से सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों की संख्या लगातार कम होती जा रही है। जिसका परिणाम यह हो रहा है कि प्रदेश के हजारों स्कूल बंद होने के कगार पर है। जो हम सब शिक्षकों के लिए चिंता का विषय है।

यह बात राज्य शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश यादव ने जैन धर्मशाला मांडू में आयोजित दो दिवसीय प्रांतीय बैठक एवं चिंतन शिविर के प्रथम दिवस कहीं।

यादव ने कहा कि शिक्षक लगातार स्कूलों में बेहतर शिक्षा देने का काम कर रहा है लेकिन ई अटेंडेंस जैसी व्यवस्था शिक्षकों पर थोपी जाना शिक्षकों के कर्तव्य पर प्रश्न चिन्ह लगाने जैसा है। उन्होंने कहा कि ई अटेंडेंस जैसी व्यवस्था आखिर शिक्षक समुदाय पर ही क्यों लागू की जा रही है यह व्यवस्था सभी अधिकारियों,कर्मचारियों पर भी लागू होना चाहिए।

श्री यादव ने चिंतन शिविर में प्रदेश भर से शामिल हुए प्रदेश कार्यकारिणी पदाधिकारी, जिला एवं ब्लॉक पदाधिकारियो के बीच कहां की वर्तमान में शिक्षक संवर्ग कई समस्याओं से भी पीड़ित एवं परेशान है। जिनका निराकरण शासन को करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि नियुक्ति तिथि से वरिष्ठता का लाभ दिलाना, पुरानी पेंशन का लाभ दिलाना,मध्य प्रदेश में लंबे समय से रुकी हुई पदोन्नतियों के साथ मृत शिक्षकों के परिजनों को अनुकंपा नियुक्ति दिलाना राज्य शिक्षक संघ का मुख्य ध्येय है ।

यादव ने कहा कि राज्य शिक्षक संघ राष्ट्र एवं समाज के प्रति समर्पित होकर स्कूलो में अध्यापन कार्य के साथ–साथ रचनात्मक कार्यों में भी लगातार अपनी सहभागिता करता है ।

प्रदेश भर में स्कूलों एवं ग्रामों में पौधरोपण करना हम सबका मिशन है।

उन्होंने कहा कि हमारे कई शिक्षक शिक्षा में नवाचार करने का काम भी कर रहे हैं।

यादव ने इस अवसर पर शिक्षकों को कहा कि शिक्षा से वंचित तबके को शिक्षा की महत्ता समझाकर उन्हें अनिवार्य रूप से स्कूल तक लाने की जिम्मेदारी भी हम सब शिक्षकों की है। इस अवसर पर खरगोन जिले से प्रभुराम मालवीया, आशीष तिवारी,संतोष जायसवाल,संतोष सोलंकी ,घनश्याम पटेल, जितेंद्र सोहनी,भास्कर पाटिल,बंशीलाल भंवर,भूपेंद्र पाटीदार,मोहन ठाकुर,राजेश सोहनी ,सुनील सेंगर,रमेश सावनेर,सरदार सिसोदिया , रायसिंह वास्कले ,अमित रोकड़े,राकेश वर्मा,ब्रजेश पटवारी,नरेंद्र राठौड़,हेमंत मालवीय,जय कुमार जैन,शांतिलाल भालसे उपस्थित थे।

साथ ही प्रदेश कार्यकारिणी के प्रमुख दिनेश शुक्ला, करतार सिंह राजपूत,प्रशांत दिक्षित, प्रीता पटेल,सुषमा मौर्य, नरेंद्र त्रिपाठी, नागेंद्र त्रिपाठी,प्रभुराम मालवीया,अनिल पाटीदार, गजेन्द्र बछले, बंटी बैरागी, सुरेश दांगी,गजेन्द्र चंदावत,अवधेश तिवारी,भगवती शर्मा, गजराजसिग सिसोदिया, कमल जाट,अनिल सांखला,रवि वर्मा,चेतन पौराणिक,रामनिवास जाट,मुकेश पाटीदार, रामप्रकाश बाजपेई, उपस्थित थे।

कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा अर्चना,वंदना एवं वंदे मातरम गीत के साथ हुई।

स्वागत भाषण जिला अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह सोलंकी ने दिया। प्रदेश भर से आए सभी पदाधिकारियो का स्वागत धार जिले की टीम ने किया।

कार्यक्रम का संचालन संजय सेन ने किया एवं आभार. अनिल पाटीदार ने माना।

शिक्षा में रामत्व व समाज में शिक्षक की गरिमामय भूमिका पर चिंतन आज

जैन धर्मशाला में आयोजित इस शिविर में

आज रविवार को शिक्षा में रामत्व, व समाज में शिक्षक की गरिमामय भूमिका, प्रकृति संरक्षण विषय पर चिंतन होगा।

## एक नजर में

**श्री कष्ट भंजन पंचमुखी हनुमान जी महाराज की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव, प्रारंभ**

# पूज्य संतों के सानिध्य व मार्ग दर्शन में धार्मिक अनुष्ठान शुरू

नवभारत न्यूज

**कसरावद, निप्र। श्री साई मंदिर परिसर में नवनिर्मित श्री कष्ट भंजन पंचमुखी हनुमान जी महाराज की भव्य प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की शुरुआत शनिवार से हो चुकी है।**





चार दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान में अभिषेक हवन व विशेष पूजन, धार्मिक, वैदिक मंत्रोच्चार के साथ 27 से 30 जुलाई तक जारी रहेगा। इसी दिन पूर्णाहुति होगी। विद्वान पंडीतो व परम पूज्य संतो के सानिध्य में श्री हनुमान महाराज जी की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर श्रद्धालुओं मे खासा उत्साह है। श्रद्धा ओर भक्ति भाव से चार दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान शनिवार से प्रारंभ हुआ।

धार्मिक अनुष्ठान के पहले दिन श्री चिंतामणि हनुमान सुंदरकांड भजन मंडल सदस्यों द्वारा शनिवार की रात संगीतमयी सुंदरकांड पाठ से आराधना की गयी है।

नगर से दो किलोमीटर दूर खरगोन मार्ग स्थित प्राचीन श्री साईं मंदिर में साईनाथ महाराज का भव्य मंदिर श्रद्धालुओं की गहरी आस्था का प्रतीक है। परिसर में ही भगवान शिव जी पूरे परिवार सहित मंदिर में विराजमान है। पास मे ही श्री पंचमुखी नाग देवता जी की प्रतिमा दर्शनीय है। यहां बच्चे झूलो का आनंद उठा रहे हैं। परिसर में चारो ओर बगीचा विकसित किया गया है। यहां गाय माता की सेवा भी हो रही है। प्रत्येक गुरुवार को खिचड़ी प्रसादी श्रद्धालुओं के लिए व्यवस्था पिछले लंबे से जारी है।

मंदिर समिति अध्यक्ष योगेन्द्र श्रीवास् व मदनलाल शर्मा ने बताया कि 27 से 30 जुलाई तक स्थान – श्री सांई मंदिर परिसर, खरगोन रोड़ कसरावद मे धार्मिक अनुष्ठान शुरू हो चुका है। परम पूज्य संतो के सानिध्य में धार्मिक अनुष्ठान होगा। श्री 1008 फोजी बाबाजी महाराज श्री रामकृपाल दास त्यागी जी (फलाहारी) महामण्डलेश्वर 27 जुलाई, 2025 रविवार, प्रात: 10 बजे मंडल पुजा शाम 6 से 8 बजे तक राक्शोहम होम 28 जुलाई को सोमवार – सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक श्री साईबाबा और शिवजी स्थापित देव स्थान का वंदन मंडप प्रवेश शांति पाठ – प्राण प्रतिष्ठा का संकल्प मूर्ति का जलाधिवास 29 जुलाई को मंगलवार समय – सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक स्थापित देवताओं का पूजन प्रतिष्ठा होम, हनुमान महायज्ञ मूर्तिका धान्य आधीवास प्रसाद पुजनम अधिवासनम, मूर्तिका शय्यादी वास सांयकाल आरती एवं पूष्पांजलि 30 जुलाई, 2025 बुधवार, सुबह 7 बजे से 12.30 तक स्थापित देवता का पूजन एवं हवन प्रायश्चित होम बलिदान महामण्डलेश्वर जी महाराज के कर कमलो से 10.45 को श्री पंचमुखी हनुमानजी कि प्राण प्रतिष्ठापना दोप. 12 बजे पूर्ण आहुती एवं महाआरती और महाप्रसादी।

### संगीतमयी सुंदरकांड पाठ किया

कायकर्म में मुख्य अतिथि श्री वैभव महाराज जी अध्यक्ष श्री स्वामी समर्थ ट्रस्ट दौड़, पूणे विशेष अतिथी श्री श्री 1008 फौजी बाबाजी महाराज (श्री महंत प्रहलाद दास जी के शिष्य) महामण्डलेश्वर श्री रामकृपाल दास त्यागी जी (फलाहारी) (श्री फौजी बाबाजी के शिष्य) मुख्य पुजारीगण पंडित सुनिल जोशी, शिर्डी पंडित उपेन्द्र, अहिल्या नगर महाराष्ट्रा पंडित पियुष अहिल्या नगर महाराष्ट्रा पंडित प्रसाद पूणे पंडित जीवन, पं पंडित तुकाराम सामवेदी, कर्नाटक पंडित ठोसर, पंढरपुर पंडित अनिकेत पूणे सहयोगी पंडित अभिषेक रावल, कसरावद श्री साई मंदिर सेवा समिति सदस्यों ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक तादाद मे पधारकर, धार्मिक पुण्य लाभ अर्जित करने का आग्रह किया है।